बिहार विधान परिषद्

समापन भाषण

माननीय नेता, सत्तारूढ़ दल

माननीय नेता, विरोधी दल

माननीय उप नेताद्वय, सत्तारूढ़ दल

मंत्रीपरिषद् के माननीय सदस्यगण

माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल

माननीय उप मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल

विभिन्न दलों के माननीय नेतागण

बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण

बिहार विधान परिषद् के 201वें सत्र का आज समापन हो रहा है। इस सत्र में कुल पांच बैठकें आयोजित हुईं।

इस सत्र के लिए कुल 430 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 394 प्रश्नों को स्वीकृत किया गया। कुल 77 प्रश्न उत्तरित हुए। वर्तमान सत्र के लंबित प्रश्नों को आगामी सत्र में सदन की मेज पर रखने हेतु सरकार से अनुशंसा करता हूं।

इस सत्र के लिए ध्यानाकर्षण की कुल 70 सूचनाएं प्राप्त हुईं। 34 ध्यानाकर्षण सूचनाएं सदन के कार्यक्रम पर लाए जाने के लिए स्वीकृत हुईं। 9 सूचनाएं उत्तरित हुईं, 4 सूचनाएं व्यपगत हुईं।

शून्यकाल की कुल 42 सूचनाएं प्राप्त हुईं जिनमें 37 सूचनाओं के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया एवं 1 सूचना अस्वीकृत की गईं। 4 सूचनाएं व्यपगत हुईं।

निवेदन की कुल 60 सूचनाएं प्राप्त हुईं। 11 सूचनाएं अनागत हुईं। 2 सूचना अस्वीकृत हुई। सभी स्वीकृत निवेदनों को सदन की सहमति से निवेदन समिति को सुपुर्द किया गया।

इस सत्र में नेशनल ई-विधान (नेवा) के माध्यम से माननीय सदस्यों द्वारा 108 तारांकित प्रश्न, 09 अल्पसूचित प्रश्न एवं 12 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव ऑनलाईन प्राप्त हुए। नेवा के माध्यम से कुल 336 तारांकित, 75 अल्पसूचित प्रश्नों एवं 76 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संधारित हुए।

विभाग के द्वारा नेवा के माध्यम से 212 तारांकित प्रश्न, 50 अल्पसूचित प्रश्न एवं 15 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के उत्तर प्राप्त हुए।

वर्तमान सत्र में निम्न विधेयक पारित किए गए --

1.बिहार छोआ (नियंत्रण) (संशोधन) विधेयक, 2022

2.बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2022

इस सत्र के दौरान माननीय सदस्यों ने अपने संसदीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनसामान्य की समस्याओं के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी है

इस उच्च सदन में आप सबके सहयोग से गरिमा के अनुरूप राजकीय कार्यों के निष्पादन के साथ-साथ जनहित के मुद्दों पर सार्थक बहस हुई है।

बिहार विधान परिषद् के सात माननीय सदस्यों का कार्यकाल आगामी 21 जुलाई, 2022 को समाप्त हो रहा है। हम अपनी ओर से और सदन की ओर से उनके दीर्घ संसदीय जीवन और स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की शुभकामना देते हैं।

मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय नेता, विरोधी दल,माननीय उप मुख्यमंत्रीद्वय, माननीय मंत्रीगण, माननीय उप नेतागण, सत्तारूढ़ दल तथा माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल का आभारी हूं कि आप सबने सत्र के दौरान संसदीय दायित्वों के प्रति गहरी निष्ठा का परिचय दिया। मैं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार एवं छायाकार बंधुओं के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने सदन की कार्यवाही को अपनी रिपोर्टिंग के जरिए प्रकाशित और प्रसारित करते हुए जनसाधारण के प्रति हमारे दायित्वों एवं सरोकारों को रखा है।

अंत में, मैं बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सचिव एवं परिषद् सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूं जिनके सहयोग से इस सत्र के दौरान मैं संसदीय कार्यों का सफलतापूर्वक संचालन कर सका हूं।

अवधेश नारायण सिंह

कार्यकारी सभापति

30 जून, 2022